भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1376
दिनांक 01 अगस्त, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एनपीसीडीसीएस के तहत संस्थान

1376 श्री बी. पार्थसारधी रेड्डीः

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में कितने जिला एनसीडी क्लीनिक, राज्य कैंसर संस्थान (एससीआई) और तृतीयक देखभाल कैंसर केंद्र (टीसीसीसी) हैं और कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग और स्ट्रोक की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीसीडीसीएस) के तहत तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) उपर्युक्त संस्थानों द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या तेलंगाना राज्य में टीसीसीसी स्थापित की गई है;
(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(ङ) क्या सरकार तेलंगाना राज्य में और अधिक एससीआई स्थापित करने की योजना बना रही है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (प्रो.एस.पी.सिंह बघेल)

(क) से (ङ): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, भारत सरकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के भाग के रूप में गैर-संचारी रोगों के निवारण और नियंत्रण हेतु राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) के तहत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को उनसे प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर और संसाधन दायरे के अध्यधीन तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) के उपचार के लिए अवसंरचना सुदृढ़ीकरण, मानव संसाधन विकास, इन रोगों की रोकथाम, शीघ्र निदान, प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य संवर्धन और जागरूकता सृजन तथा उपचार के लिए उपयुक्त स्तर के स्वास्थ्य परिचर्या सुविधाकेंद्र में रेफरल पर विशेष बल दिया जाता है। एनपी-एनसीडी के अंतर्गत, जिला एनसीडी क्लीनिक स्थापित किए गए हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार ब्यौरा अनुलग्नक-I में दिया गया है।

केंद्र सरकार कैंसर के विशिष्ट परिचर्या हेतु केंद्रों को बढ़ाने की दृष्टि से विशिष्ट परिचर्या कैंसर सुविधा केंद्र स्कीम के सुदृढ़ीकरण को लागू करती है । 19 राज्य कैंसर संस्थानों (एससीआई) और 20 विशिष्ट परिचर्या कैंसर केंद्रों (टीसीसीसी) को उक्त स्कीम के तहत अनुमोदित किया गया है । अभी तक सत्रह सुविधा केंद्र कार्यशील हैं । एससीआई एमएनजे इंस्टीट्यूट ऑफ ऑन्कोलॉजी एंड आरसीसी, हैदराबाद तेलंगाना राज्य में स्कीम के तहत अनुमोदित राज्य कैंसर संस्थान है । एससीआई/टीसीसीसी का राज्य वार ब्यौरा अनुलग्नक-II में दिया गया है। वर्तमान अधिदेश उक्त स्कीम को पूरा करना है । यह स्कीम के अनुमोदित परिव्यय के अतिरिक्त कोई अन्य देनदारियों को सृजित नहीं करती है ।

अनुलग्नक-I

जिला एनसीडी क्लीनिकों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार ब्यौरा

क्र सं	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	जिला एनसीडी क्लीनिक
1	आंध्र प्रदेश	13
2	अरुणाचल प्रदेश	25
3	असम	33
4	बिहार	38
5	छत्तीसगढ	28
6	गोवा	2
7	गुजरात	33
8	हरियाणा	22
9	हिमाचल प्रदेश	12
10	झारखंड	24
11	कर्नाटक	31
12	केरल	14
13	मध्य प्रदेश	52
14	महाराष्ट्र	34
15	मणिपुर	16
16	मेघालय	11
17	मिजोरम	8
18	नगालैंड	11
19	ओडिशा	30
20	पंजाब	23
21	राजस्थान	48
22	सिक्किम	4
23	तमिलनाडु	32
24	तेलंगाना	33
25	त्रिपुरा	7
26	उत्तर प्रदेश	65
27	उत्तराखंड	13
28	पश्चिम बंगाल	27
29	अंडमान और निकोबार	3
30	चंडीगढ़	1
31	दमन और दीव और दादर और नगर हवेली	3
32	जम्मू एवं कश्मीर	20
33	लक्षद्वीप	1
34	लद्दाख	2
35	दिल्ली	1
36	पुदुचेरी	4
	कुल योग	**724**

अनुलग्नक-II

एनपी-एनसीडी के तहत एससीआई/टीसीसीसी संस्थानों की सूची

क्र सं	राज्य	संस्थान का नाम	सुविधा केंद्र का प्रकार(एससीआई/टीसीसीसी)
1	कर्नाटक	किदवई मेमोरियल इंस्टीट्यूट ऑफ ऑन्कोलॉजी (आरसीसी), बेंगलुरु	एससीआई
2		मांड्या इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, मांड्या	टीसीसीसी
3	केरल	गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, कोझिकोड	टीसीसीसी
4		क्षेत्रीय कैंसर केंद्र, तिरुवनंतपुरम	एससीआई
5	त्रिपुरा	कैंसर अस्पताल (आरसीसी), अगरतला	एससीआई
6	गुजरात	गुजरात कैंसर अनुसंधान संस्थान, अहमदाबाद	एससीआई
7	पश्चिम बंगाल	गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, बर्दवान	टीसीसीसी
8		मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, बरहामपुर, मुर्शिदाबाद	टीसीसीसी
9		सगोरे दत्ता मेमोरियल मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, कोलकाता	टीसीसीसी
10	जम्मू एवं कश्मीर	शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, श्रीनगर	एससीआई
11		गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, जम्मू	एससीआई
12	तमिलनाडु	कैंसर संस्थान (आरसीसी), अड्यार, चेन्नई	एससीआई
13	हिमाचल प्रदेश	इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज, शिमला	टीसीसीसी
14		श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज, मंडी	टीसीसीसी
15	बिहार	इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना	एससीआई
16	मिजोरम	सिविल अस्पताल, आइजोल	टीसीसीसी
17	उत्तर प्रदेश	संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ	टीसीसीसी
18	राजस्थान	एस पी मेडिकल कॉलेज, बीकानेर	टीसीसीसी
19		एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर	एससीआई
20		झालावाड़ मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, झालावाड़	टीसीसीसी
21	तेलंगाना	एमएनजे इंस्टीट्यूट ऑफ ऑन्कोलॉजी एंड आरसीसी, हैदराबाद	एससीआई
22	पंजाब	गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, अमृतसर	एससीआई
23		सिविल अस्पताल, फाजिल्का	टीसीसीसी
24	दिल्ली	लोक नायक अस्पताल	टीसीसीसी
25	ओडिशा	आचार्य हरिहर क्षेत्रीय कैंसर केंद्र, कटक	एससीआई
26	नगालैंड	जिला अस्पताल, कोहिमा	टीसीसीसी
27	हरियाणा	सिविल अस्पताल, अम्बाला कैंट	टीसीसीसी
28	महाराष्ट्र	राष्ट्रसंत तुकडोजी क्षेत्रीय कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, नागपुर	टीसीसीसी
29		गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, औरंगाबाद	एससीआई
30		विवेकानन्द फाउंडेशन एवं अनुसंधान केन्द्र, लातूर	टीसीसीसी
31	असम	गौहाटी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गुवाहाटी	एससीआई
32	मध्य प्रदेश	नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर	एससीआई
33		जी.आर. मेडिकल कॉलेज, ग्वालियर	टीसीसीसी
34	झारखंड	राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, रांची	एससीआई
35	आंध्र प्रदेश	कुरनूल मेडिकल कॉलेज, कुरनूल	एससीआई
36	गोवा	गोवा मेडिकल कॉलेज, पणजी	टीसीसीसी
37	सिक्किम	गंगटोक, सिक्किम के पास सोचीगैंग (सिची) में मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल	टीसीसीसी
38	छत्तीसगढ	छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान, बिलासपुर	एससीआई
39	उत्तराखंड	गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, हलद्वानी	एससीआई